प्रेषक

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में

1 अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
2 अपर निदेशक, मुख्यालय, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून।
3 अपर निदेशक, सीमेट, उत्तराखण्ड देहरादून।
4 अपर निदेशक, प्रा0शि0 गढवाल मण्डल पौड़ी।
5 अपर निदेशक, प्रा0शि0 कुमाऊं मण्डल नैनीताल।
6 समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
7 समस्त प्राचार्य, डायट, उत्तराखण्ड।
8 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0) उत्तराखण्ड।
9 समस्त उप शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

पत्रांकः 08 विविध / 28114-24 / एक-16(स्वास्थ्य) / 2016-17 दिनांक 25 मार्च 2017

विषयः **विद्यालयों / कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र सं0-350 / अ0मु0स0 / नि0स0 / वि0स0 / 2017 / विद्यालयी शिक्षा विभाग, दिनांक 24 मार्च, 2017 एवं पत्र सं0-351 / अ0मु0स0 / नि0स0 / वि0स0 / 2017 / विद्यालयी शिक्षा विभाग दिनांक 24 मार्च, 2017 एवं महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा के पत्रांक 5599 / 23(1)-दस / 2014 दिनांक 24.03.2017 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रदेश के समस्त विद्यालयों / कार्यालयों / संस्थाओं / डायट परिसरों में आगामी एक सप्ताह का 'विशेष स्वच्छता अभियान' चलाया जाय **जिसमें सभी अध्यापक / प्रधानाध्यापक / कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे किन्तु बच्चों को सीधे इस अभियान से नहीं जोड़ा जायेगा। उक्त अभियान विद्यालयों / कार्यालयों / संस्थाओं / डायटों के समय से पूर्व या पश्चात चलाया जाय जिससे अध्यापन व अन्य विद्यालयी कार्य प्रभावित न हो। उक्त अभियान में सभी अधिकारियों / कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय।**

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रदेश के सभी विद्यालयों / कार्यालयों / संस्थाओं / डायट परिसरों में दिनांक 27.03.2017(सोमवार) से 01-04-2017(शनिवार) तक 'विशेष स्वच्छता अभियान' का संचालन व सम्पादन करना सुनिश्चित करें, साथ ही उक्त अधिकारीगण पूरे सप्ताह प्रतिदिन किसी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस क्रम में समस्त अधिकारी स्वयं का कार्यक्रम बना कर आज ही मेल द्वारा निदेशालय को उपलब्ध करायेंगे।

'विशेष स्वच्छता अभियान' के अन्तर्गत निम्नांकित विभिन्न कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाय।

- विद्यालय परिसर की सफाई, विद्यालय कक्षों की सफाई।
- फाइलों, अभिलेखों एवं उपकरणों की सफाई करते हुए उनका उचित रख-रखाव।

क्रमशः

- अभियान के अन्तर्गत परिसरों से पान, गुटका इत्यादि के धब्बों को हटाना तथा तम्बाकू से सम्बन्धित पदार्थो का विनिष्टीकरण करना।
- पुराने टूटे–फूटे फर्नीचरों एवं पुराने अभिलेख जो आवश्यकीय न हों का विनिष्टीकरण।
- महान विभूतियों के पुराने खराब हो चुके चित्रों के स्थान पर उनके नये चित्रों की फ्रेमिंग कर लगाना।
- खराब पुराने मैप व चार्टों को हटा कर नये चार्ट व मैप लगाना।
- प्रधानाचार्य कक्ष व कार्यालय कक्षों में लगी आल्मारियों की सफाई।
- शौचालयों व किचन की सफाई।
- परिसर में अनुपयोगी झाड़ियों व अनावश्यक उगे पौधों का कटान/सफाई।
- विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के नाखून व बालों की कटाई व सफाई।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा उक्त 'विशेष स्वच्छता अभियान' के फोटोग्राफ प्रतिदिन निदेशालय को ई मेल के माध्यम से प्रेषित करेंगे। आख्या समय पर प्रेषित करने हेतु कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जैसी भी स्थिति हो, को इस कार्य हेतु 'नोडल अधिकारी' बनाया जाय, जो प्रतिदिन कार्यालय/संस्थान/जनपद की संकलित सूचना निदेशालय को उपलब्ध करायेंगे। सम्बन्धित अधिकारी उक्त सूचना के सम्बन्ध में निदेशालय के उप निदेशक श्री वी0एन0 सिंह (मो0न0 9410732705) को भी आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

उक्त सूचना प्रतिदिन शासन/मंत्रालय को उपलब्ध करायी जानी है। अतः प्रतिदिन 5:00 बजे तक उक्त सूचना निदेशालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अपर निदेशक मण्डल भी अपने मण्डल की संकलित सूचना पृथक से निदेशालय को प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे।

संलग्न उक्त पत्रों की छाया प्रति

भवदीय

25/3/17

(सीमा जौनसारी)
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून

पृ0सं0 /08वि0/ 28114-24 //एक–16(स्वास्थ्य)/2016–17 दिनांक उक्तवत

प्रतिलिपिः 1 अपर सचिव, बेसिक शिक्षा (नवसृजित) अनुभाग उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2 महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

(सीमा जौनसारी)
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून